Calculator in Windows 8.1

Calculator (कैलकुलेटर)

माइक्रोसॉफ्ट विंडोज में कई महत्वपूर्ण फीचर है जिनमें से कैलकुलेटर भी एक बहुत ही काम का फीचर है | कैलकुलेटर विंडो 1.0 से ही चलते आ रहा है | विंडो 1.0 में यह काफी साधारण था | लेकिन Windows XPऔर XP के बाद Windows 7 ,Windows 8.1 में इसे और भी powerful बना दिया गया है तो आइये जानते है कैलकुलेटर की कुछ ख़ास विशेषताओं के बारे में और इसके साथ ही हम सीखेंगें कि कैलकुलेटर का इस्तेमाल कैसे करते हैं ?

Windows में उपलब्ध इस टूल का प्रयोग हम अंकगणितीय तथा वैज्ञानिक गणनाये करने के लिए करते है कैलकुलेटर को चलाने के लिए स्क्रीन पर एक सामान्य कैलकुलेटर प्रदर्शित होता है इस कैलकुलेटर के माध्यम से हम अंकगणितीय गणनाओ को पूरा कर सकते है| इसके साथ ही वैज्ञानिक गणनाये भी कर सकते है | इसमें 0 से लेकर 9 digit तक के बटन होते है |

How to Start Calculator in Windows 8.1

Method I

- Start बटन पर क्लिक कीजिये → search box में calculator टाइप कीजिये और इंटर कीजिये |

- Calculator ओपन हो जाएगा |

Method II

- अपने कीबोर्ड से Window key+R प्रेस कीजिये, जिससे रन डायलॉग बॉक्स ओपन होगा |
- इस डायलॉग बॉक्स में रन कमांड Calc टाइप कीजिये और इंटर कीजिये |
- 

- Calculator ओपन हो जाएगा |

windows 8.1 में कैलकुलेटर के अन्दर बहुत से फीचर जोड़े गयें हैं, जिसमें एक है History feature, जैसे डिजिटल कैलकुलेटर में चैक का बटन होता है उसी प्रकार इस कैलकुलेटर में History का बटन है, कीबोर्ड से Ctrl+H दबाने पर यह फीचर एक्टिवेट होने पर आप जो कुछ भी कैलकुलेशन करेगे, वह आपको इसकी विण्डो में दिखाई देता रहेगा। अगर आपसे लिखने में कुछ गलती हो जाती है, तो आप अपने टाइप की गयी संख्या पर माउस से क्लिक कीजिये और बदल कर एन्टर कर दीजिये। अगर आप History को हटाना चाहते हैं तो शार्टकट की Ctrl+Shift+D का प्रयोग कीजिये।

विंडोज 8.1 में कैलकुलेटर में अलग-अलग उपयोगों को नजर में रखते हुए चार प्रकार के मोड दिये गये हैं-

1. Standard Mode
2. Scientifc Mode
3. Programmer Mode
4. Statistics Mode

आप इन शार्टकट की का प्रयोग कर इन मोड को बदल सकते हैं, आपको जिसकी जरूरत हो यह कैलकुलेटर उसी रूप में बदल जायेगा |

Standard Mode (Alt+1)

Scientific Mode (Alt+2)

Programmer Mode (Alt+3)

Statistics Mode (Alt+4)